www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

2 राजनीतिक एजेंडे की भेंट चढ़ता पुरातत्व, इतिहास-पुरातत्व को राजनीतिक विचारधाराओं से मुक्त रखा जाए

ब्याज पर रुपए देने वाले बुजुर्ग की हत्या 04

वर्ष :09 अंक :10 मुंबई, मंगलवार, 01 जुलाई 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सात लाख रुपये के मादक पदार्थ बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

एक तरफ जम्मू कश्मीर में आतंकवाद का खतरा बना हुआ है। वहीं दूसरी और नशे की स्मगलिंग की भी एक बड़ी समस्या अब अपनी जड़े मजबूत करती जा रही हूं। आय दिन मादक पदार्थ को पकड़ने की खबरे सामने आ रही हैं। जाता अपडेट जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले से आ रही है। जहां सोमवार को हेरोइन समेत मादक पदार्थ की बरामदगी के साथ चार कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि जीवन कुमार और सुनील कुमार (दोनों निवासी जगानू गांव) को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिकरी में उनके कब्जे से लगभग छह लाख रुपये मूल्य की 9.40 ग्राम हेरोइन बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें रोका और उनकी जांच की। प्रवक्ता ने बताया कि दो अन्य तस्करों, चालक संजय कुमार और रोहित कुमार, निवासी काह-फलाटा गांव को गिरफ्तार कर लिया गया, जब रहमबल क्षेत्र में फ्लाटा जांच चौकी पर उनके वाहन से लगभग एक लाख रुपये मूल्य का 9.60 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया।

### दिल्ली के रानी बाग में झपटमारी और वाहन चोरी के आरोप में दंपति गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने बाहरी दिल्ली के रानी बाग इलाके में झपटमारी और वाहन चोरी की कई घटनाओं में कथित रूप से शामिल एक दंपति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार दंपति की पहचान राहुल उर्फ मोटा (30) और उसकी पत्नी के रूप में हुई है, जो पहले दोपहिया वाहन चुराते थे, उनका इस्तेमाल झपटमारी एवं डकैती की वारदातों को अंजाम देने के लिए करते थे और फिर कानून प्रवर्तन एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए उन्हें (वाहनों को) लावारिस छोड़ देते थे। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) सचिन शर्मा ने कहा, 25 जून को एक महिला ने पुलिस से शिकायत की कि जब वह ऋषि नगर के पास एक एरोबिक्स सेंटर जा रही थी, तब स्कूटर पर सवार एक पुरुष और एक महिला उसके पास आए। गुलाबी सूट पहने और पीछे बैठी महिला ने उसकी सोने की चेन छीन ली और पुरुष स्कूटर को तेजी से भगा ले गया। शर्मा के मुताबिक, रानी बाग पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं ने घटनास्थल और उसके आसपास तथा भागने के संभावित रास्तों पर लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में बलास्ट, 13 मजदूरों की मौत

## 34 जख्मी, अबतक 4 शव बरामद; ब्लास्ट के वक्त 150 लोग मौजूद थे

**बलास्ट**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई. उन्होंने घोषणा की कि, मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 1 लाख रुपये, अन्य घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी.**

एजेंसी

संगारेड्डीः पशमिलारम औद्योगिक एस्टेट में स्थित सिगाची फार्मा केमिकल यूनिट में सोमवार सुबह एक रिएक्टर फटने से जबरदस्त विस्फोट हुआ. यह घटना सुबह 8:15 9:35 बजे के बीच हुई, जिससे आग फैलने लगी और उत्पादन विभाग सहित कई इमारतों को गंभीर क्षति पहुंची. मृतक संख्या बढ़कर 13 हो चुकी है, जबकि 22 मजदूर झुलस गए और 12 की हालत गंभीर बनी हुई है. हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने कहा कि इमारत का मलबा हटने के बाद ही विस्तृत आंकड़े उपलब्ध होंगे. सुरक्षा मानकों की कमी या लापरवाही का संदेह जताया गया है और एक विशेष जांच टीम गठित करने की भी तैयारी जारी है.



### मौजूद लोग और बचाव कार्य की शुरूआत

**इस समय फैक्ट्री परिसर में करीब 90 लोग कार्यरत थे. विस्फोट की तीव्रता इतनी जोरदार थी कि कुछ कर्मी 100 मीटर दूर तक उड़ गए. 11 दमकल गाड़ियां, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव प्रक्रिया शुरू कर दी गई. जिला कलेक्टर प्रवीण्या और एसपी परितोष ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बचाव कार्य के लिए दिशा-निर्देश जारी किए.**

### घायल श्रमिकों का इलाज

**घायलों को चंदनगर व इस्नापुर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. इनमें से 12 की हालत नाजुक मिलने पर उन्हें रखा गया है. राज्य सरकार ने हर घायल्य को उचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन**

### सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी

इस हादसे ने तेलंगाना में औद्योगिक सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. मंत्री विवेक वेंकट स्वामी ने बताया कि श्रम आयोग जल्द ही श्रमिकों की शिकायतों की जांच करेगा और सुरक्षा उपायों की समीक्षा करेगा. अतिरिक्त रूप से मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को तीव्रता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं.

# हिमाचल में भारी बारिश- 285 सड़कें बंद, अबतक 39 की मौत

## लैंडस्लाइड के बाद टनल में 5 घंटे फंसी रहीं गाड़ियां; बिहार में 5 लोगों पर बिजली गिरी

**मौसम विभाग के अनुसार, आज 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश होगी। उत्तराखंड और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में तेज बारिश का ऑरेंज और 17 राज्यों में यलो अलर्ट है।**

एजेंसी

हिमाचल प्रदेश । हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है।हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाड़ियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते आज हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं।बिहार के भोजपुर, बक्सर और नालंदा में बिजली गिरने से 5 की मौत हो गई। वहीं, गया के इमामगंज में लगुराही वाटरफॉल में रविवार को अचानक पानी बढ़ गया। तेज बहाव में 6 लड़कियां बह गईं। स्थानीय लोगों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।




### उत्तराखंड और झारखंड में रेड अलर्ट

**मौसम विभाग के अनुसार, आज 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश होगी। उत्तराखंड और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 12 राज्यों में तेज बारिश का ऑरेंज और 17 राज्यों में यलो अलर्ट है।**

### जम्मू में मकान पर बिजली गिरी, परिवार की जान बची

जम्मू शहर के बाहरी इलाके में सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक घर पर बिजली गिरी, जिससे घर को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि घटना जम्मू जिले के बिश्नाह तहसील के धिनाडी खुर्द गांव की है। बिजली गिरने के कारण घर के कई सारे इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो गए।

# भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दिया, रेजिग्नेशन लेटर में बताई वजह

## उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष चुनने के फैसले पर नाराजगी जताई

एजेंसी

**राजा सिंह ने कहा, यह फैसला न केवल मेरे लिए बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं के लिए भी एक झटका और निराशा की तरह है, जो हर उतार-चढ़ाव में पार्टी के साथ खड़े रहे हैं. ऐसे समय में जब भाजपा तेलंगाना में अपनी पहली सरकार बनाने की दहलीज पर खड़ी**



हैदराबादः तेलंगाना में भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. हैदराबाद के गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र से विधायक टी राजा को विवादित बयानों के लिए जाना जाता है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नेतृत्व विवाद के बीच उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दिया. राजा सिंह ने एक्स पर इस्तीफा पत्र साझा करते हुए लिखा, बहुत से लोगों की चुप्पी को सहमति नहीं समझा जाना चाहिए. मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं, जो हमारे साथ विश्वास के साथ खड़े थे और जो आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं. तेलंगाना भाजपा के नए अध्यक्ष के रूप में पूर्व एमएलसी रामचंद्र राव का नाम लगभग तय हो गया है. उन्होंने सोमवार दोपहर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया. राव के खिलाफ कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं है, इसलिए उनके सर्वसम्मति से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है.

### मैं अपनी आवाज उठाता रहूंगा...

**राजा सिंह ने कहा, मैं भले ही पार्टी से अलग हो रहा हू, लेकिन मैं हिंदुत्व की विचारधारा और हमारे धर्म और गोशामहल के लोगों की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं. मैं अपनी आवाज उठाता रहूंगा और हिंदू समुदाय के साथ और भी मजबूती से खड़ा रहूंगा.₹उन्होंने कहा कि यह एक कठिन निर्णय है, लेकिन जरूरी भी है. बहुत से लोगों की चुप्पी को सहमति नहीं समझा जाना चाहिए. मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं जो हमारे साथ विश्वास के साथ खड़े थे और जो आज निराश महसूस कर रहे हैं. आखिर में उन्होंने लिखा, ₹मैं हमारे वरिष्ठ नेतृत्व - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह और बीएल संतोष से भी विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि वे इस कदम पर पुनर्विचार करें. तेलंगाना भाजपा के लिए तैयार है, लेकिन हमें उस अवसर का सम्मान करने और उसे हाथ से न जाने देने के लिए सही नेतृत्व चुनना चाहिए.**

# तिब्बत को लेकर चीन की टेंशन बढ़ी

## दलाई लामा के जन्मदिन पर घोषित हो सकता है उत्तराधिकारी

एजेंसी

नई दिल्ली : तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के द्वारा धर्मगुरुओं की बुलाई गई बैठक को लेकर चीन टेंशन में है. दलाई लामा अगले सप्ताह अपना 90वां जन्म दिन मनाएंगे. संभावना जताई जा रही है कि इस अवसर पर दलाई लामा अपने उत्तराधिकारी की घोषणा कर सकते हैं. फिलहाल 6 जुलाई को धर्मशाला के मैकलोडगंज में दलाई लामा के जन्म दिन को मनाने की तैयारियां चल रही हैं.

# मेडिकल एक प्रोफेशन नहीं समाज सेवा है :राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## गोरखपुर एम्स के दीक्षांत में कहा- डॉक्टरों की तैनाती गांव में भी होनी चाहिए

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यहां जितने छात्र थे। उनमें ज्यादा बेटियां थी। यह 21वीं सदी महिलाओं की सदी है। जहां पर भी मैं दीक्षांत में जाती हूं। पूछने पर पता चलता है की 100 लोगों को अवार्ड देना है तो उनमें 80 बेटियां हैं।**

एजेंसी



गोरखपुर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 30 घंटे तक गोरखपुर में रहेंगी। वह दोपहर 1:30 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुके देकर स्वागत किया। राष्ट्रपति यहां से शाम 4:20 बजे एम्स पहुंची। वह दीक्षांत समारोह में शामिल हुई। उन्होंने यहां 61 छात्रों को डिग्रियां वितरित की। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति 1:34 मिनट एम्स में रही। इससे पहले राष्ट्रपति बरेली में के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं थी। राष्ट्रपति एक जुलाई मंगलवार को राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम तथा पंचकर्म का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी।

**मुर्मू ने कहा, ह्लआज देश में अनेक एम्स हैं, जिनके द्वारा स्थानीय लोगों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। साथ ही स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में रोजगार और शिक्षा के अवसर भी बढ़े हैं। विदेश से भी मरीज भारत में इलाज के लिए आते हैं उनके यहां न केवल सुलभ इलाज है बल्कि गुणवत्तापूर्ण इलाज भी है।**

# एअर इंडिया के ड्रीमलाइनर में टेकऑफ के समय तक सबकुछ ठीक था, खराबी हवा में शुरू हुई

## अहमदाबाद विमान हादसे का फोटो-वीडियो इन्वेस्टिगेशन

एजेंसी

नई दिल्ली, अहमदाबाद विमान हादसे के कारणों का सही ब्योरा आने में अभी समय लगेगा। इस बीच न्यूयॉर्क टाइम्स ने हादसे के फोटो-वीडियो और ऑडियो का विश्लेषण किया है। एविएशन सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, पूर्व पायलटों, जांचकताओं और ऑडियो एक्सपर्ट की मदद से किया गया यह एनालिसिस संकेत देता है कि विमान का टेकऑफ नॉर्मल था। विमान में खराबी हवा में शुरू हुई। रिपोर्ट के मुताबिक टेकऑफ से पहले विमान ने विंग फ्लैप और स्लैट्स को खोला, रनवे की पूरी लंबाई का उपयोग कर जनरल पॉइंट से उड़ान भरी। लेकिन उड़ान के कुछ सेकेंड बाद लैंडिंग गियर पूरी तरह बंद नहीं हो पाया। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट अक 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी।



**जब विमान हवा में आया तो प्रारंभिक चढ़ाई की दर काफी सामान्य दिखी। टेकऑफ के तुरंत बाद विमान गिरने से चिंता बढ़ी कि क्या उसके पंखों पर स्लैट्स और फ्लैप्स टेकऑफ के लिए विस्तारित (एक्सटेंडेड) थे। ये अमूमन उड़ान से पहले खोले जाते हैं, ताकि लिफ्ट के लिए सतह क्षेत्र बढ़ जाए मलबे की एक तस्वीर में दाहिने पंख पर स्लैट्स विस्तारित स्थिति में दिख रहे हैं।**

# महाबोधि मंदिर का नियंत्रण बौद्ध समुदाय को सौंप दें...

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**▶▶न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अवकाश पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता दी। पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष दायर याचिका विचारणीय नहीं है। हम यह कैसे करेंगे? यह अनुच्छेद 32 के तहत बनाए रखने योग्य नहीं है। हम परमादेश कैसे जारी कर सकते हैं?**



एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार के बोधगया में ऐतिहासिक महाबोधि महावीर मंदिर का नियंत्रण और प्रबंधन बौद्ध समुदाय को सौंपने के लिए केंद्र और बिहार सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अवकाश पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता दी। पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष दायर याचिका विचारणीय नहीं है। हम यह कैसे करेंगे? यह अनुच्छेद 32 के तहत

**दावा** — प्रशांत किशोर ने फिर किया दावा

# नवंबर बाद नीतीश कुमार नहीं होंगे बिहार से सीएम, लिखकर दे सकता हूं

एजेंसी

नयी दिल्ली। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने दावा किया कि बिहार में 60 प्रतिशत से अधिक लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार इस साल के अंत में होने वाले चुनावों के बाद फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। बीजेपी, कांग्रेस, जेडीयू और तृणमूल कांग्रेस सहित कई दलों के लिए राजनीतिक रणनीतिकार के रूप में काम कर चुके किशोर ने कहा कि उनकी टीम द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि राज्य में 62 प्रतिशत लोग बदलाव चाहते हैं। एक चैनल से बातचीत के दौरान किशोर ने कहा कि अगले दो महीनों में यह तय हो जाएगा कि बदलाव चाहने वाले 60% से ज्यादा लोग किसे वोट देंगे। क्या वे फिर से उन्हीं लोगों को वोट देंगे जिन्होंने पहले उन्हें निराश किया है? क्या वे उन पर भरोसा करेंगे? या वे कोई नया विकल्प चुनेंगे? उन्होंने कहा कि अब सिर्फ.यही सवाल बचा है कि लोग उनकी नई पार्टी का समर्थन करेंगे या लालू यादव की आरजेडी और कांग्रेस जैसी स्थापित पार्टियों का समर्थन करना जारी रखेंगे। किशोर ने भविष्यवाणी की कि अगले दो महीनों में यह तय हो जाएगा कि बदलाव चाहने वाले 60% से ज्यादा लोग किसे वोट देंगे। क्या वे फिर से उन लोगों को वोट देंगे जिन्होंने उन्हें पहले निराश किया है? क्या वे उन पर भरोसा करेंगे? या वे किसी नए विकल्प को चुनेंगे? किसी भी तरह, नवंबर (जब विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है) के बाद नीतीश कुमार निश्चित रूप से मुख्यमंत्री नहीं होंगे। मैं आपको यह लिखित में दे सकता हूं। बिहार को एक नया मुख्यमंत्री मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरा बिहार जानता है कि नीतीश कुमार की मानसिक और शारीरिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह कुछ कर सकें। एक व्यक्ति जो मंच पर बैठा हो और अपने बगल में बैठे प्रधानमंत्री का नाम भूल जाए; जो राष्ट्रगान बजने पर यह नहीं जानता कि यह राष्ट्रगान है या कव्वाली... जिसने एक साल में मीडिया को संबोधित नहीं किया। एक व्यक्ति जो खुद की देखभाल करने की स्थिति में नहीं है... वह बिहार की देखभाल कैसे करेगा? इसलिए, अगर आप और मैं यह जानते हैं, तो क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को नहीं पता?



**“एक चैनल से बातचीत के दौरान किशोर ने कहा कि अगले दो महीनों में यह तय हो जाएगा कि बदलाव चाहने वाले 60% से ज्यादा लोग किसे वोट देंगे। क्या वे फिर से उन्हीं लोगों को वोट देंगे जिन्होंने पहले उन्हें निराश किया है? क्या वे उन पर भरोसा करेंगे? या वे कोई नया विकल्प चुनेंगे?**

# अगर कांग्रेस अध्यक्ष नहीं तो आखिर कौन है अनदेखा और अनसुना हाईकमान? खड़गे के बयान पर बीजेपी का तंज



**भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस मौके का फायदा उठाते हुए सबसे स्पष्ट सवाल पूछाः यह अनदेखा, अनसुना हाईकमान आखिर कौन है? खड़गे पर कटाक्ष करते हुए सूर्या ने सवाल किया कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष नहीं हैं, तो यह हाईकमान कौन है, जिसे हमेशा महसूस किया जाता है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्नाटक में संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर नए सिरे से चर्चा के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का एक ही जवाब थाः ₹यह पार्टी हाईकमान के हाथ में है।₹ डीके शिवकुमार को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि कोई नहीं कह सकता कि हाईकमान में क्या चल रहा है। कांग्रेस नेताओं के लिए हाईकमान पर फैसले टालना आम बात है, लेकिन जब पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी ऐसा ही करते हैं, तो लोगों की भौहें तन जाती हैं। उनकी टिप्पणियों से अक्सर भाजपा के इस आरोप को बल मिलता है कि सोनिया गांधी और उनके बच्चे- राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा- पर्दे के पीछे से पार्टी चला रहे हैं। इस टिप्पणी को कई लोगों ने इस तरह से समझा कि 82 वर्षीय कांग्रेस अध्यक्ष खुद हाईकमान का हिस्सा नहीं हैं। भाजपा ने तुरंत ही इस पर सवाल उठाया और खड़गे की भूमिका पर सवाल उठाए। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस मौके का फायदा उठाते हुए सबसे स्पष्ट सवाल पूछाः यह अनदेखा, अनसुना हाईकमान आखिर कौन है? खड़गे पर कटाक्ष करते हुए सूर्या ने सवाल किया कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष नहीं हैं, तो यह हाईकमान कौन है, जिसे हमेशा महसूस किया जाता है।

# ऑनलाइन फूड ऑर्डर... फ्लैट में 3 साल तक खुद को रखा 'कैद', बिफोर आफ्टर तस्वीर से पता चल जाएगी कहानी

**अकेलेपन, अवसाद और अविश्वास की शहरी बीमारी ने जुईनगर के 55 साल के व्यक्ति अनूप कुमार नायर को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिन्होंने खुद को तीन साल से अधिक समय तक अपने फ्लैट में बंद रखा। वह केवल ऑनलाइन खाना ऑर्डर करके बाहरी दुनिया से संपर्क कर पाते थे।**




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः नवी मुंबई से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। 55 साल के अनूप कुमार नायर अकेलेपन और डिप्रेशन से जूझ रहे थे। उन्होंने खुद को तीन साल से ज्यादा समय तक अपने फ्लैट में बंद रखा। वह केवल ऑनलाइन खाना ऑर्डर करके बाहरी दुनिया से संपर्क कर पाते थे। ऐसे में एक भले आदमी से सूचना मिलने के बाद सोशल एंड इवेंजेलिकल एसोसिएशन फॉर लव के समाजसेवकों ने सराहनीय पहल की। वे उनके फ्लैट पर पहुंचे और उनके गंदे अपार्टमेंट में प्रवेश किया। दरअसल अनूप अपने फ्लैट में अकेले रहते थे। जो गंदगी से भरा हुआ था। उनके माता-पिता की मृत्यु और भाई की आत्महत्या के बाद वे डिप्रेशन में चले गए थे। फिलहाल उनका आश्रम में इलाज चल रहा है।

कौन हैं अनूप नायर ?

अनूप कुमार नायर जुईनगर के रहने वाले हैं। वे शहरी जीवन की परेशानियों से जूझ रहे थे। अकेलापन, डिप्रेशन और अविश्वास ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया। इसी वजह से उन्होंने खुद को अपने फ्लैट में बंद कर लिया था। वे तीन साल से ज्यादा समय तक फ्लैट में बंद रहे। अनूप पहले कंप्यूटर प्रोग्रामर का काम करते थे। वे फ्लैट में अकेले रहते थे। फ्लैट में हर जगह गंदगी फैली हुई थी। उनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी मां पूनम्मा नायर भारतीय वायु सेना (टेलीकम्युनिकेशन ब्रांच) में काम करती थीं।

# महाराष्ट्र विधानसभा में नया विधेयक पेश, नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण की होगी स्थापना

**विधेयक के अनुसार, 22 सदस्यीय प्राधिकरण का नेतृत्व नासिक संभाग आयुक्त करेंगे, और इसमें नासिक कलेक्टर और नासिक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उपाध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे। अध्यक्ष के पास कुंभ मेले के लिए सेवाओं, सुविधाओं, परिसरों, वाहनों आदि की मांग करने के लिए सरकारी विभागों और अन्य अधिकारियों को निर्देश देने की शक्ति होगी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को एक विधेयक पेश किया, जिसमें अगले वर्ष 31 अक्टूबर से शुरू होने वाले विशाल कुंभ मेला के लिए नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण की स्थापना की मांग की गई है। नए विधेयक में नासिक और त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ आसपास के अन्य क्षेत्रों में कुंभ मेले और उससे जुड़ी गतिविधियों के आयोजन और प्रबंधन के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान है। ध्यान रहे कि इस प्राधिकरण पर अध्यादेश इस साल 4 जून को देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट द्वारा स्वीकृत किए जाने के बाद जारी किया गया था। नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरणः आपको जो कुछ भी जानना चाहिएविधेयक के अनुसार, 22 सदस्यीय प्राधिकरण का नेतृत्व नासिक संभाग आयुक्त करेंगे, और इसमें नासिक कलेक्टर और नासिक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक उपाध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे। अध्यक्ष के पास कुंभ मेले के लिए सेवाओं, सुविधाओं, परिसरों, वाहनों आदि की मांग करने के लिए सरकारी विभागों और अन्य अधिकारियों को निर्देश देने की शक्ति होगी।समय-समय पर प्राधिकरण के काम की समीक्षा करने के लिए मंत्रियों की एक समिति भी गठित की जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला अगले साल 31 अक्टूबर को नासिक के त्र्यंबकेश्वर और रामकुंड में 'ध्वजारोहण' (ध्वजारोहण) के साथ शुरू होगा।24 जुलाई, 2028 को ध्वज को उतार दिया जाएगा, जो हर 12 साल में एक बार आयोजित होने वाले इस मेगा इवेंट का समापन होगा। इस मेगा इवेंट में कई करोड़ तीर्थयात्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।

फास्ट ट्रैक

## मध्य रेल एलटीटी-धनबाद विशेष ट्रेन सेवा के अतिरिक्त 10 सेवाओं का विस्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए लोकमान्य तिलक टर्मिनस -धनबाद विशेष ट्रेन सेवा के अतिरिक्त 10 सेवाएं और बढ़ाएगा, विवरण निम्नानुसार हैःट्रेन संख्या 03380 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-धनबाद साप्ताहिक , जिसे पहले दिनांक 26.06.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब दिनांक 03.07.2025 से 31.07.2025 तक बढ़ा दी गई है। (5सेवा)

ट्रेन संख्या 03379 धनबाद-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक विशेष, जिसे पहले दिनांक 24.06.2025 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब दिनांक 01.07.2025 से 29.07.2025 तक बढ़ा दी गई है। (5 सेवा)

संरचनाः दो वातानुकूलित 2-टियर, दो वातानुकूलित 3-टियर, छह वातानुकूलित 3-टियर इकॉनमी, 6 शयनयान श्रेणी , 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 जेनरेटर कार।

समय और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा

उक्त विशेष ट्रेन के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## राजेश कुमार मीणा जिन्होंने महाराष्ट्र में ली पहली महिला चीफ सेक्रेटरी सुजाता सौनिक की जगह

**महाराष्ट्र सरकार ने राजस्थान से ताल्लुक रखने वाले आईएएस अफसर राजेश कुमार मीणा को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया है। महाराष्ट्र की अभी तक मुख्य सचिव सुजाता सौनिक 30 को रिटायर हो गईं। राजेश कुमार मीणा 1 जुलाई से नए चीफ सेक्रेटरी के तौर पर काम शुरू करेंगे।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) राजेश कुमार मीणा को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया। राजेश कुमार ने सुजाता सौनिक का स्थान लिया है। सौनिक 30 को सेवानिवृत्त हो गईं। सामान्य प्रशासन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव (सेवाएं) वी राधा द्वारा जारी आदेश के अनुसार वह अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) के पद पर बने रहेंगे। राजेश कुमार 2020 में एसीएस बने थे। सुजाता सौनिक 1 साल तक महाराष्ट्र की मुख्य सचिव रहीं। इससे पहले उनके पति मनोज सौनिक भी मुख्य सचिव रहे। राजेश कुमार मीणा महाराष्ट्र के 46वें चीफ सेक्रेटरी बने हैं।कितने दिनों का होगा कार्यकाल ?राजेश कुमार 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और बीड जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और धाराशिव एवं जलगांव जिलों के जिलाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह 2020 से अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं। कुमार 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगे। राजेश कुमार से 61 दिन तक महाराष्ट्र के चीफ सेक्रेटरी रहेंगे। इसके बाद उनके नए अधिकारी को इस पद पर नियुक्ति मिलेगी। आईएएस राजेश कुमार की पत्नी होटल इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उनका नाम अर्चना मीणा हैं। वह बीजेपी की नेता होने के साथ सामाज सेवा में काफी समय से सक्रिय हैं।कौन हैं राजेश कुमार ?1988 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश कुमार मीणा राजस्थान के रहने वाले हैं। वह पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जसकौर मीणा के दामाद हैं। राजेश कुमार मीणा की गितनी महाराष्ट्र के अच्छे अफसरों में होती रही है। यही वजह है कि सरकार ने उन्हें रिटायर होने से सर्वोच्च पद पर नियुक्ति दी है। उनका कार्यकाल भले ही छोटा होगा लेकिन वह महाराष्ट्र के मुख्य सचिव बनने के बाद सेवानिवृत्त होंगे। मीणा राजस्थान के सवाई माधोपुर के रहने वाले हैं। मीणा का जन्म टोंक के उनियारा गांव में हुआ था। अभी तक वह वन विभाग में एडीशन चीफ सेक्रेटरी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

# कल्याण के म्युनिसिपल स्कूल से इसरो में राजपत्रित अधिकारी तकः श्री सुशांत सुरेश सकपाल की प्रेरणादायक यात्रा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, महाराष्ट्र रत्नागिरी के खेड़ मुल निवासी और कल्याण मे रहने वाले सुशांत सुरेश सकपाल ने गरीबी से अमीरी तक की सच्ची कहानी लिखी है। उन्होंने तमाम मुश्किलों के बावजूद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में क्लास-ए राजपत्रित अधिकारी बनने के लिए अत्यधिक आर्थिक तंगी से उभरे हैं। यह यात्रा लाखों लोगों को प्रेरित करती है।आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मे सुशांत सुरेश सकपाल के पिता रेलवे में अथक परिश्रम करते थे, जबकि उनकी माँ बच्चों की देखभाल के लिए काम करती थीं। एक बड़े भाई और बहन होने के कारण सुशांत सुरेश सकपाल ने छोटी उम्र से ही कड़ी मेहनत के महत्व को समझ लिया था। उन्होंने कल्याण के एक म्युनिसिपल स्कूल में पढ़ाई की, जहाँ सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी शैक्षणिक प्रतिभा चमक उठी।अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए उन्होंने गोदरेज कंपनी में एक युवा कर्मचारी के रूप में काम करना शुरू किया, लेकिन उन्होंने कभी अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ी। काम और शिक्षा के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने एक नाइट कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा पूरा किया और साबित कर दिया कि दृढ़ता से सभी बाधाओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है।उनके अथक प्रयासों का फल तब मिला जब उन्होंने 18 मई, 2006 को इसरो से टेक्निशियन मे भरती हुई । लेकिन श्री सुशांत सुरेश सकपाल को सफलता नहीं मिली। वर्षों के समर्पण के साथ, उन्होंने कई विभागीय परीक्षाएँ पास कीं और लगातार तरक्की करते हुए प्रतिष्ठित क्लास-ए राजपत्रित अधिकारी का पद प्राप्त किया - जो एक दुर्लभ और सराहनीय उपलब्धि है।श्री सुशांत सुरेश सकपाल कहते हैं, मेरे माता-पिता के बलिदान और मेरे परिवार के संघर्षों ने मुझे आगे बढ़ने में मदद की है। ₹मुझे उम्मीद है कि मेरी यात्रा हर वंचित छात्र को यह विश्वास दिलाने के लिए प्रेरित करेगी कि कोई भी सपना बहुत बड़ा नहीं है, कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है।₹एक साधारण नगरपालिका स्कूल के छात्र से भारत के प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में एक प्रमुख योगदानकर्ता तक का उनका असाधारण उत्थान - लचीलापन, कड़ी मेहनत और अटूट महत्वाकांक्षा की शक्ति का प्रमाण है।

# महाराष्ट्र में हिंदी भाषा विवादः उद्धव ठाकरे का राज्य सरकार पर मराठियों को बांटने का आरोप

**महाराष्ट्र सरकार ने प्राथमिक कक्षाओं में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाने का फैसला वापस ले लिया है. शिवसेना यूबीटी विजय रैली निकालेगी.**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कक्षा 1 से हिंदी भाषा पढ़ाने के निर्णय पर महाराष्ट्र सरकार की कड़ी आलोचना की. उन्होंने दोहराया कि पांच जुलाई को विजय रैली निकाली जाएगी. सोमवार 30 जून को वे विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन मीडिया से बात कर रहे थे. बदले राजनीतिक माहौल का असर विधानमंडल सत्र के पहले दिन देखने को मिला है.

पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बातचीत की. उन्होंने कहा, कल महाराष्ट्र के कोने-कोने में जय महाराष्ट्र का नारा फिर से बुलंद हुआ. मैं राजनीतिक दलों और मराठी भाषियों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने मतभेद भुलाकर शिवसेना का समर्थन किया. उन्होंने हिंदी अनिवार्य जीआर को रद्द कर दिया है. अगर उन्होंने इसे रद्द नहीं किया होता, तो मराठी लोगों की एकता पांच तारीख के मार्च में दिखाई देती.₹उद्धव ठाकरे ने कहा कि सरकार ने अब एक नई समिति नियुक्त की है. उस समिति में नरेंद्र जाधव शामिल हैं. यह शिक्षा की भाषा का मामला है. सरकार को अब इसका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए. उन्होंने अर्थशास्त्रियों की एक समिति नियुक्त की है. समिति चाहे जो भी हो, अब मजबूरी का मुद्दा खत्म हो गया है. महाराष्ट्र पर कोई मजबूरी नहीं हो सकती. यह मराठी लोगों की ताकत ने दिखाया है.उद्धव ठाकरे ने कहा 5 जुलाई को एक विजय रैली होगी. यह रैली कहां होगी, इसकी घोषणा दो दिनों में की जाएगी. उन्होंने कहा अब सभी एकजुट हैं. उन्होंने कहा कि अगर हम फिर से बिखर गए, तो मराठी विरोधी लोग एक बार फिर अपना सिर उठा सकते हैं. उद्धव ठाकरे ने इसे सरकार की साजिश बताया. सभी मराठी भाषी लोगों से एकजुट रहने की अपील की.उद्धव ठाकरे ने कहा- हम 5 तारीख को विजय उत्सव मनाएंगे. हम सभी से बात कर रहे हैं. विजय उत्सव में भी वही एकता दिखाने की जरूरत है. पहले मराठी को अमराठी के खिलाफ करना था, मराठी भाषियों में फूट डालना था. यह सरकार की साजिश है. मराठी लोगों में कोई विवाद नहीं है. यह देखने के बाद, उन्होंने इस जीआर को वापस ले लिया है ताकि मराठी एकजुट न हो.मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को चाय पार्टी के दौरान घोषणा की कि

# 4 साल की बेटी ने चॉकलेट के लिए मांगे रुपये, पिता ने दी मौत, महाराष्ट्र के लातूर में दिल दहला देने वाली वारदात

**लातूर जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। बालाजी राठौड़ नामक एक व्यक्ति ने अपनी चार साल की बेटी आरुषि की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बच्ची ने चॉकलेट खरीदने के लिए पैसे मांगे थे। आरोपी शराब का आदी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



लातूर : महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक शराबी पिता ने रविवार को अपनी चार साल की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी से उसकी मासूम बेटी ने उससे चॉकलेट खरीदने के लिए पैसे मांगे थे। जब यह वारदात हुई, तब बच्ची की मां घर में नहीं थी। जब महिला को बेटी की मौत का पता चला तो उसने इसकी शिकायत की। पुलिस ने आरोपी बालाजी राठौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। पति से झगड़ा, घर में नहीं थी बच्ची की मांपुलिस के अनुसार, लातूर जिले के उदगीर तालुका के भीमा टांडा में रविवार को हत्या की वारदात हुई। आरोपी बालाजी राठौड़ शराब का आदी था। इस वजह से उसके परिवार में अक्सर झगड़े होते थे। रविवार को भी झगड़ा-लड़ाई के बाद बालाजी की पत्नी वर्षा उसे छोड़कर अपने पिता के घर रहने चली गई थी। दोपहर में उसकी बेटी आरुषि ने उससे चॉकलेट खरीदने के लिए पैसे मांगे। बालाजी ने उसे पैसे देने से मना कर दिया तो बच्ची जिद करने लगी। इससे नाराज पिता ने साड़ी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। जब इस घटना के बारे में वर्षा को पता चला तो उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने वर्षा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वर्षा ने अपने पति के लिए फांसी की सजा की मांग की है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा चार जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ट्रेन संख्या 09039/09040 उधना-गया साप्ताहिक स्पेशल को विस्तारित कर अब उधना एवं धनबाद के बीच चलाया जाएगा

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से चार जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किए गए हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09075/09076 मुंबई सेंट्रल झ काठगोदाम स्पेशल

ट्रेन संख्या 09075 मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल को 24 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल स्पेशल को 25 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

मुंबई सेंट्रल से 20.08.2025, 27.08.2025 और 03.09.2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09075 नहीं चलेगी।

इसी प्रकार, काठगोदाम से 21.08.2025, 28.08.2025 और 04.09.2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09065 नहीं चलेगी।

2. ट्रेन संख्या 09185/09186 मुंबई सेंट्रल - कानपुर अनवरगंज स्पेशल

ट्रेन संख्या 09185 मुंबई सेंट्रल- कानपुर अनवरगंज स्पेशल को 28 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09186 अनवरगंज - मुंबई सेंट्रल स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

मुंबई सेंट्रल से 24.08.2025, 31.08.2025 और 07.09.2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09185 की कोई यात्रा नहीं होगी।

इसी प्रकार, कानपुर अनवरगंज से 25.08.2025, 01.09.2025 और 08.09.2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09186 नहीं चलेगी।

3. ट्रेन संख्या 09117/09118 उधना-सूबेदारगंज स्पेशल

ट्रेन संख्या 09117 उधना - सूबेदारगंज स्पेशल को 26 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09118 सूबेदारगंज - उधना स्पेशल को 27 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

4. ट्रेन संख्या 09039/09040 उधना-धनबाद स्पेशल

ट्रेन संख्या 09039/09040 उधना-गया स्पेशल को धनबाद स्टेशन तक विस्तारित किया गया है। अब यइ ट्रेन गया के बजाय धनबाद तक चलेगी।

ट्रेन संख्या 09039 उधना - धनबाद स्पेशल को 26 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09040 धनबाद - उधना स्पेशल को 28 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार अमलनेर, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ और नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो स्टेशनों पर रुकेगी।

ट्रेन संख्या 09075, 09185, 09117 एवं 09039 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 1 जुलाई, 2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail. gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

पश्चिम रेलवे
ऑटो टेंशन डिवाइसेस का आवधिक ओवरहॉलिंग कार्य

वरिष्ठ डीईई/टीआरडी/एनएस/बीसीटी द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांकः ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-25-26-7 दिनांक 26.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नामः मुंबई मंडल के विरार - सूरत अनुभाग में ऑटो टेंशन डिवाइसेस (एटीडी) का आवधिक ओवरहॉलिंग (पीओएच). विज्ञापित मूल्यः** रु.19,36,780/-. **बयाना राशिः** रु.38,700/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 21.07.2025 को 15.00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि व समयः** 21.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0337

Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
विभिन्न कार्य

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (दक्षिण), द्वितीय मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः निविदा सूचना क्र.: एसजी_217_2_309_2_डब्ल्यूए_आर दिनांकः 26.06.2025. कार्य एवं स्थानः चर्चगेट - विरार अनुभाग, मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे में विश्वसनीयता सुधार हेतु विभिन्न स्थानों पर सिग्नलिंग गियर्स की आपूर्ति, स्थापना, पुनर्बहाली, परीक्षण एवं कमीशनिंग जिसमें रिले वायरिंग एवं एमएसडीएसी प्रतिस्थापन तथा पॉइंट मशीन कार्य सहित विभिन्न आउटडोर कार्य शामिल हैं. कार्य की अनुमानित लागत : रु. 3,97,34,158.25/-. बयाना रकम जमा : रु.3,48,700/-. निविदा जमा करने की तिथि व समयः 18.07.2025, दोपहर 15:00 बजे तक. निविदा खोलने की तिथि व समयः 18.07.2025, दोपहर 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0339

Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
विभिन्न कार्य

वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **अ.क्र. 1, ई-निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/25-26/99, दिनांकः 26.06.2025. कार्य एवं स्थानः चर्चगेट स्टेशन भवन, ए एवं बी ब्लॉक अधिकारी आवासों तथा विश्रामगृह में बीएमसी की अपर्याप्त जल आपूर्ति के संदर्भ में टैंकरों के माध्यम से 24 माह हेतु पेय जल की आपूर्ति. कार्य की अनुमानित लागतः रु.30,05,814.24. बयाना रकम जमा : रु.60,100/-. अ.क्र. 2, ई-निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/25-26/100, दिनांकः 26.06.2025. कार्य एवं स्थानः चर्चगेट - जीएलओ एवं स्टेशन भवन - अधिकारियों के कक्षों तथा विभिन्न अनुभागों की मरम्मत. कार्य की अनुमानित लागतः रु.5,21,62,762.05. बयाना रकम जमा : रु.4,10,800/-. दोनों निविदाओं के लिए जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 22.07.2025, दोपहर 15:00 बजे तक. दोनों निविदाओं के खोलने की तिथि व समयः** 22.07.2025, दोपहर 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0338

Like us on : facebook.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विभाग : जल अभियंता का विभाग
क्र.: ईई (एम)/1937/एम.डब्ल्यू. दिनांकः 30.06.2025
ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पात्र बोलीकर्ताओं से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभ तिथि, समय एवं बोली की अंतिम तिथि, समय का उल्लेख बीएमसी की वेबसाइट के टेंडर सेक्शन तथा महाटेंडर पोर्टल पर विस्तृत निविदा सूचना में किया गया है.

| अ. क्र. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1195224_1 | एई (एम) डब्ल्यूडब्ल्यू शहर अनुभाग के अंतर्गत शहर क्षेत्र में रिसाव रोकने हेतु विभिन्न आकार के एसएस 304 रिपेअर क्लैम्प की आपूर्ति. **(निविदा जारी करने और बिक्री की तिथिः 01.07.2025)** |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक निविदाकार कृपया बीएमसी की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in तथा महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट http://mahatenders.gov.in का अवलोकन करें.

हस्ता./–
कार्यकारी अभियंता (अनु.) एम.डब्ल्यू.

पीआरओ/844/विज्ञा./2025-26

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सहायक आयुक्त- टी विभाग
ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई मनपा के आयुक्त द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैः

| कार्य का नाम | बयाना रकम जमा | निविदा शुल्क (रु.) | बोली आरंभ तिथि व समय | बोली समाप्ति तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **टी वार्ड के एसडब्ल्यूएम विभाग हेतु रेनसूट की खरीद.** (निविदा क्र.: 2025_एमसीजीएम_1195688_1) | रु. 13,500/– | रु. 1,452/– + 18% जीएसटी | 01.07.2025, 11:00 बजे | 06.07.2025, 11:00 बजे |

निविदा प्रति बीएमसी पोर्टल (**http://www.mcgm.gov.in**) के "ई-प्रोक्योरमेंट" अनुभाग से डाउनलोड की जा सकती है.

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर लॉग ऑन करेंः **http://www.mcgm.gov.in**

हस्ता./-
(श्री राहुल डी. सोरटे)
सहायक अभियंता, एसडब्ल्यूएम, टी वार्ड

पीआरओ/854/विज्ञा./2025-26

स.ड़क पर खुले में रखे खाद्य पदार्थ, कटे हुये फल और पेय पदार्थों का सेवन ना करें.

## अग्रिम आरक्षण कराने वाले यात्रियों को टिकट किराए में 15 की छूट : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , पूर्ण टिकट वाले यात्रियों (रियायती यात्रियों को छोड़कर) को, जो एसटी की लंबी और मध्यम दूरी (150 किमी से अधिक) की यात्रा के लिए अग्रिम आरक्षण कराते हैं, उन्हें टिकट किराए में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह योजना दिवाली और गर्मियों की छुट्टियों के पीक सीजन को छोड़कर पूरे साल जारी रहेगी। यह योजना 1 जुलाई से शुरू की जा रही है। परिवहन मंत्री और एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने यात्रियों से इसका लाभ उठाने की अपील की है।1 जून को एसटी की 77वीं वर्षगांठ पर परिवहन मंत्री और एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने घोषणा की थी कि कम पीक सीजन के दौरान लंबी दूरी की बसों से यात्रा करने वाले यात्रियों को अग्रिम आरक्षण कराने पर उनके टिकट पर 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और इसी के तहत 1 जुलाई से सभी प्रकार की बसों के लिए यह योजना लागू की जा रही है। बेशक, यह योजना केवल उन यात्रियों पर लागू होगी जिन्होंने पूरा टिकट खरीदा है।आगामी आषाढ़ी एकादशी और गणपति उत्सव के लिए अग्रिम आरक्षण कराने वाले यात्री इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। अगर यात्री राज्य भर से पंढरपुर जाने वाली नियमित बसों के लिए आरक्षण कराते हैं, तो उन्हें कल (1 जुलाई) से अपने टिकट किराए पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। हालांकि, यह छूट अतिरिक्त बसों के लिए लागू नहीं होगी।इसी तरह, गणपति उत्सव के लिए कोंकण जाने वाले यात्री भी अग्रिम आरक्षण कराने के बाद इस टिकट का लाभ उठा सकते हैं। मुंबई-पुणे मार्ग पर चलने वाली एसटी की प्रतिष्ठित ई-शिवनेरी बस में पूरा टिकट खरीदने वाले यात्री इस योजना का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। जो यात्री पहले से आरक्षण कराते हैं, वे सीधे टिकट काउंटर पर, एसटी की आधिकारिक वेबसाइट public.msrtcors.comपर या मोबाइल ऐप Bus Reservation के माध्यम से टिकट बुक करने पर 15% की छूट पा सकते हैं।

## ठाणे क्रीक की सफाई के लिए ए टी कैपिटल फाउंडेशन का योगदान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , कैपिटल ग्रुप की चैरिटेबल शाखा, AT कैपिटल फाउंडेशन लिमिटेड (ATCF) ने द ओशन क्लीनअप के साथ 5-वर्षीय साझेदारी की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण सहयोग में आगे बढ़ते हुए, ATCXF ठाणे क्रीक, मुंबई की एक सहायक नदी में व्यापक रूप से साफ करने की परियोजना में 1.5 मिलियन यूरो का निवेश करेगा।इस महत्वपूर्ण प्रयास का उद्देश्य एशिया की सबसे बड़ी खाड़ियों या क्रीक्स में से एक को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त कराना और यहां के बेहद महत्वपूर्ण जैव विविधता क्षेत्र को बहाल करना है।इस पहल के तहत इस क्षेत्र से हर साल लगभग 385 टन कचरा हटाए जाने की उम्मीद है। द ओशन क्लीनअप एक अंतरराष्ट्रीय, मिशन से प्रेरित, गैर-लाभकारी संगठन है, जो दुनिया के महासागरों को प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए तकनीकों को विकसित करके उसे बड़े पैमाने पर लागू करता है।इस प्रोजेक्ट में द ओशन क्लीनअप इंटरसेप्टर तकनीक को प्लास्टिक को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए एक वॉकेबल लॉग-बूम के साथ, और कचरे को बेहतर तरीके से इकट्ठा करने के लिए इंटरसेप्टर गार्ड बूम्स के साथ उपयोग किया जाएगा। कचरे की निकासी के लिए डायरेक्ट-टू-शोर कन्वेयर सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। इकट्ठा किए गए सभी कचरे का जिम्मेदारीपूर्वक निपटान बृहन्मुंबई महानगरपालिका के सहयोग से किया जाएगा।ठाणे क्रीक में महाराष्ट्र का दूसरा सबसे बड़ा समुद्री अभयारण्य भी है। यह क्रीक कई तरह के वन्यजीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जिसमें समृद्ध मैंग्रोव इकोसिस्टम और कई प्रकार के वॉटरबर्ड्स की प्रजातियां शामिल हैं।इस ठाणे क्रीक क्लीनअप प्रोजेक्ट का उद्देश्य इस महत्वपूर्ण प्राकृतिक आवास को बहाल करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसकी इकोलॉजिकल इंटीग्रिटी का बचाव करना है।

ए टी कैपिटल ग्रुप के संस्थापक, अरविंद टिकू ने इस प्रतिबद्धता के महत्व पर चर्चा करते हुए कहाः ह्लहम ठाणे क्रीक की खोई हुई आभा को बहाल करने के इस दीर्घकालिक कन्जर्वेशन प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हैं। यह स्पॉन्सरशिप दुनिया भर में पर्यावरण, सेहत और शिक्षा कार्यक्रमों का समर्थन करने के प्रति अळ कैपिटल की सतत चैरिटेबल प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह प्रोजेक्ट मुंबई की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता की सुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम है।2013 में बॉयन स्लैट द्वारा स्थापित, ह्यद ओशन क्लीनअपह्ल के साथ मिलकर, हमने प्लास्टिक प्रदूषण को उसके स्रोत पर ही कम करने के ठोस और व्यापक बदलाव लाने का लक्ष्य रखा है।

फास्ट ट्रैक

## व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

### शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस, अभी तक नहीं हो सकी पहचान



शाहजहांपुर, तिलहर थाना क्षेत्र में बंथरा के पास बीती रात एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची तिलहर पुलिस ने शव को रेल पटरी से हटवाया। घटना के कारण दो-तीन ट्रेनें अलग-अलग स्थानों पर रोकनी पड़ीं। करीब आधे घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है। आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया गया, लेकिन किसी ने उसकी पहचान नहीं की। मृतक के कपड़ों से भी कोई पहचान संबंधी सामग्री नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास के गांवों में संपर्क कर मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है।

## आम विक्रेता ने ग्राहक का सिर फोड़ा

### जलालाबाद में सड़ा आम लेने से मना किया, दुकानदारन ने बाट से हमला किया

शाहजहांपुर,जलालाबाद में आम खरीदने को लेकर हुए विवाद में एक विक्रेता ने ग्राहक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जलालाबाद के मुख्य चौराहे पर मोहम्मद सोहिल नाम का युवक आम बेच रहा था। गांव चौखटिया के निवासी आलोक ने जब सड़े आम लेने से मना किया, तो विक्रेता ने किलो वाले बांट से उसके सिर पर हमला कर दिया हमले में आलोक का सिर फट गया और खून बहने लगा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद सोहिल को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जलालाबाद चौराहे पर फल और सब्जी विक्रेता अतिक्रमण करके सड़क पर दुकानें लगाते हैं। इससे राहगीरों को परेशानी होती है। कई विक्रेता सड़े हुए फल बेचते हैं और विरोध करने पर ग्रामीण खरीदारों से मारपीट करते हैं।

## जलालाबाद में जलभराव की समस्या

### नाली-सड़क निर्माण और तालाबों से अतिक्रमण हटाने की मांग, एसडीएम ने दिए निर्देश



शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में स्थित गुनारा गांव के युवकों ने सोमवार दोपहर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद सलीम खान को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बालकृष्ण मंदिर से मुन्ना कुरैशी के मकान तक सड़क और नाली निर्माण की मांग की है। साथ ही तालाबों से अवैध कब्जे हटाने की मांग भी रखी है। उप जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को सड़क और नाली निर्माण के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग की स्थिति खराब है। नाली नहीं होने से गली में घरों का पानी जमा रहता है। इससे आवागमन में परेशानी होती है।

## ठाणे जिले में 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक विशेष वित्तीय साक्षरता अभियान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के निदेर्शानुसार ठाणे जिले में 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक विशेष वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया जाएगा।इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में वित्तीय जागरूकता पैदा करना है।इसमें डिजिटल वित्तीय साक्षरता, जिम्मेदारी से उधार लेना, धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूकता के साथ-साथ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी शामिल होगी। जिले के सभी राष्ट्रीयकृत बैंक, निजी बैंक, डीसीसी बैंक की ग्रामीण शाखाएँ इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगी। बैंक शाखाओं के माध्यम से शिविर, गाँव-गाँव जागरूकता और प्रचार कार्यक्रम लागू किए जाएँगे। दूरदराज और हाशिए के इलाकों तक पहुँचने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सभी नागरिकों, स्वयं सहायता समूहों, ग्राम स्तरीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय मीडिया से अनुरोध है कि वे इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लें।अधिक जानकारी के लिए या अपने क्षेत्र में कार्यक्रम में भाग लेने के लिए, निकटतम बैंक शाखा या ठाणे जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय से संपर्क करें।यह अभियान जिलाधिकारी ठाणे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ठाणे के मार्गदर्शन में कार्यान्वित किया जाएगा।

## शादी के दो महीने बाद युवक ने की आत्महत्या

### रायबरेली में गंगा पुल पर मिली बाइक, परिजनों ने जताई बेटे की कूदने की आशंका

रायबरेली, लालगंज क्षेत्र में एक नवविवाहित युवक के गंगा नदी में कूदने की आशंका है। सुमित सोनी, जिनकी शादी दो माह पूर्व हुई थी, रविवार शाम पत्नी से विवाद के बाद घर से निकल गए।देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो गए। जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। सोमवार को सुबह गंगा नदी के पुल पर उसकी बाइक संदिग्ध हालत में मिली। परिजनों को आशंका है कि सुमित ने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली है। परिजन स्टीमर से गंगा नदी में युवक की तलाश कर रहे हैं। उनका आरोप है कि पुलिस को सूचना देने के बावजूद गोताखोरों की व्यवस्था नहीं की गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग गंगा पुल पर जमा हो गए हैं।परिजन एसडीआरएफ की टीम बुलाकर तलाश करवाने की मांग कर रहे हैं।सरेनी थाना प्रभारी शिवा कांत पांडेय ने बताया कि वे मौके पर मौजूद हैं।

## पूर्व उपमहापौर जया साधवानी ने कांग्रेस छोड़कर शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की

### उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हुई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर.महाराष्ट्र प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष और उल्हासनगर महानगर पालिका की पूर्व उपमहापौर जया साधवानी ने सोमवार को पार्टी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति मे मुक्ता गिरि बंगले में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेस का दामन छोड़कर शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। जया साधवानी ने 2003 में उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विजयी होकर उपमहापौर का पद भी संभाला था। शिवसेना में प्रवेश होने के बाद जया साधवानी ने कहा की मैं एकनाथ शिंदे जी के नेतृत्व में काम करने के लिए उत्साहित हूं और उल्हासनगर के विकास के लिए पूरी मेहनत से काम करूंगी,माननीय उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति और आशीर्वाद से मैं अपने समर्थकों के साथ शिवसेना में शामिल हुई हूं। उक्त कार्यक्रम में शिवसेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी और मनोज शिंदे भी शामिल थे।

## क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, ठाणे में ऑटो रिक्शा के लिए नई सीरीज शुरू

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, ठाणे में परिवहन श्रेणी में ऑटो रिक्शा के लिए वर्तमान में चल रही MH-04-छ सीरीज के पूरा होने के तुरंत बाद कंप्यूटर सिस्टम VAHAN पर नई सीरीज MH-04-MT शुरू की जाएगी ।शर्तों के अधीन, आकर्षक और पसंदीदा वाहन पंजीकरण नंबरों के लिए आवेदन 01 जुलाई 2025 से स्वीकार किए जाएंगे और निर्धारित शुल्क लेकर पसंदीदा और आकर्षक नंबर आरक्षित किए जाएंगे, यह जानकारी ठाणे के उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर ने दी।

## बगौर-व्यवस्था के सड़क खोदने पर एयरटेल के खिलाफ-कार्रवाई के निर्देश

- शाहजहांपुर में कंपनी के प्रतिनिधि और ठेकेदार पर एफआईआर के आदेश,

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, केरूगंज चौराहे पर एयरटेल कंपनी ठेकेदार ने बगैर किसी व्यवस्था के सड़क खोदकर क्षतिग्रस्त कर दी। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण के दौरान यह स्थिति देखी। उन्होंने एयरटेल कंपनी के प्रतिनिधि, ठेकेदार और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अवर अभियंता और सहायक अभियंता की भुमिका की जांच कर निलंबन के आदेश भी दिए हैं। साथ ही उन्होंने लोधीपुर से चमकनी तक के नाले की तत्काल सफाई का निर्देश दिया है। नगर आयुक्त को इस नाले पर सीसी रोड बनाने का आदेश दिया गया है। जिलाधिकारी ने फायर ब्रिगेड और अन्टा चौराहे से ब्रिज बिहार कॉलोनी तक के नालों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन नालों की सफाई कर सड़क निर्माण के निर्देश दिए। जेल और जीआईसी ग्राउंड के पास कच्चे रास्ते पर भी सड़क बनाने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि बरसात में जलभराव और जाम की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी, संस्था या ठेकेदार को नहीं बख्शा जाएगा।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

### कटरा-जलालाबाद मार्ग पर हादसा, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , कटरा-जलालाबाद राज्यमार्ग पर एक दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत हो गई। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम कमलापुर निवासी वेदराम (55) कटरा से अपने गांव लौट रहे थे। पृथ्वी नगरा गांव के सामने एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल वेदराम को पहले तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष जुगल किशोर पाल के अनुसार, मृतक के परिजनों की शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ब्याज पर रुपए देने वाले बुजुर्ग की हत्या

### कलान में व्यक्ति का गला घोंटा, घर से संदूक और दस्तावेज भी गायब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, मिर्जापुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की हत्या का मामला सामने आया है। मिर्जापुर के ग्राम राजे रायपुर में रहने वाले 63 वर्षीय जयसिंह उर्फ फक्कड़ का शव उनके घर में चारपाई पर मिला। मृतक ब्याज पर रुपए देने का काम करते थे। देर तक न उठने पर जब लोग उनके घर पहुंचे, तो मुख्य दरवाजा खुला मिला। बरामदे में चारपाई पर शव पड़ा था। चारपाई से बंधी प्लास्टिक की रस्सी और गमछे से उनका गला कसा हुआ था। कमरे का सामान बिखरा हुआ था और कुछ दस्तावेज भी गायब थे। मृतक के भाई जशवीर सिंह ने बताया कि जयसिंह अविवाहित थे और अकेले रहते थे। उनका एक संदूक गांव के बाहर मुकेश के ज्वार के खेत में मिला है। पुलिस को लूट के बाद हत्या की आशंका है। मिर्जापुर थाना प्रभारी सोनी शुक्ला के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर से 100 मीटर दूर खेत में मिला महिला का-शव

### शरीर पर चोट के निशान नहीं, खटीमा में काम करता है पति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना निगोही क्षेत्र में एक 40 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव उसके घर से करीब 100 मीटर दूर खेत में मिला। परिवार के अनुसार, महिला का पति खटिमा में धान रोपाई का काम करता है। रविवार रात को पति-पत्नी के बीच फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद सभी लोग सो गए थे। सुबह जब परिवार उठा तो महिला घर में नहीं मिली। खोजबीन के दौरान उसका शव पास के खेत में मिला। शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिवार ने बताया कि रात में कोई बाहरी व्यक्ति घर में नहीं आया था। पुलिस ने मृतका की मां की लिखित सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सदर प्रयांक जैन के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम पोर्टल पर शिकायत का फर्जी निस्तारण

### शाहजहांपुर में एसआई निलंबित, फरियादियों से भी करते अभद्रता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक एसआई द्वारा सीएम पोर्टल पर दर्ज शिकायत का फर्जी निस्तारण करने का मामला सामने आया है। एसआई के उपर फरियादियों से अभद्रता करने का भी आरोप है। एसपी राजेश द्विवेदी ने जांच के बाद एसआई सतीश कुमार को निलंबित कर दिया है। मदनापुर थाना क्षेत्र के बुधवाना निवासी राजेश कुमार पाठक ने एक व्यक्ति पर गाली-गलौज और रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। थाने में शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। एसआई सतीश कुमार ने दो स्थानीय युवकों की कथित गवाही के आधार पर शिकायत का निस्तारण कर दिया। पीड़ित की एसपी से शिकायत के बाद जब इन गवाहों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने किसी भी तरह की गवाही देने से इनकार कर दिया। एसपी ने बताया कि एसआई का फरियादियों के साथ व्यवहार उचित नहीं था। वे शिकायतों के निस्तारण में लगातार लापरवाही बरत रहे थे। जांच में आरोप सही पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

## घर के कमरे में मिला मगरमच्छ



- परिवार ने रात भर कमरे में किया बंद, वन विभाग ने अदवा बैराज में छोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, पिपरा गांव में एक परिवार को रविवार की देर रात अजीब मेहमान मिला। गजराज के घर के कमरे में तीन फीट लंबा मगरमच्छ घुस गया। कमरे से आ रही खटर-पटर की आवाज से गजराज की नींद खुली। टॉर्च की रोशनी में उन्होंने देखा कि कमरे में मगरमच्छ घूम रहा है। गजराज ने तुरंत कमरे का शटर बंद कर दिया और परिवार के सदस्यों को सूचित किया। आस-पास के लोगों को भी इस घटना की जानकारी दी गई। वन विभाग को सूचना दी गई। वनरक्षक नीटू शर्मा की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा। इसके बाद उसे पास के अदवा बैराज के गहरे पानी में छोड़ दिया गया। मगरमच्छ के सुरक्षित पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। क्षेत्रीय वन अधिकारी अवध नारायण मिश्र के अनुसार, मगरमच्छ संभवतः भोजन की तलाश में नदी से बाहर निकला था। भटकते हुए वह बस्ती में पहुंच गया।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# न्यूयॉर्क मेयर उम्मीदवार ममदानी के हाथ से खाने पर विवाद

## अमेरिकी सांसद बोले- हमारे तौर-तरीके नहीं अपना सकते तो अपने पिछड़े देश चले जाओ

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, भारतीय मूल के न्यूयॉर्क से मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी का हाथ से चावल-दाल खाते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसे लेकर एक अमेरिकी सांसद ने नाराजगी जताई। अमेरिकी रिपब्लिकन सांसद ब्रेंडन गिल ने एक्स पर लिखा, अमेरिका में सभ्य लोग इस तरह से खाना नहीं खाते हैं। अगर आप पश्चिमी तौर-तरीके नहीं अपना सकते, तो अपने देश वापस चले जाइए। ममदानी वीडियो में फिलिस्तीनी मुद्दे पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा- जब आप किसी थर्ड वर्ल्ड में पले-बढ़े होते हैं तो आप फिलिस्तीनी संघर्ष को बेहतर तरीके से समझते हैं। जोहरान ममदानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इस पर बहस शुरू हो गई है। न्यूयॉर्क के सांसद ब्रैंडन गिल ने इस वीडियो पर जो टिप्पणी की, उसे लेकर कई लोगों ने नाराजगी जताई और उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने तंज कसते हुए पूछा, क्या आप एशियाई रेस्टोरेंट में



चॉपस्टिक से खाने पर भी नाराज होते हैं? दूसरे ने लिखा, टैको, फ्रेंच फ्राइज और बर्गर आप कैसे खाते हैं? क्या चिप्स भी कांटे से खाते हैं? एक और यूजर ने कहा, आप उनकी नीतियों की आलोचना नहीं कर पा रहे, इसलिए अब उनकी संस्कृति पर निजी हमला कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ लोगों ने ममदानी पर अपनी सांस्कृतिक पहचान को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का भी आरोप लगाया। एक यूजर ने ममदानी की पुरानी तस्वीर शेयर की, जिसमें वे चाकू और कांटे से खाना खा रहे थे। यूजर ने लिखा, जोहरान हमेशा चाकू-कांटे से खाते हैं, लेकिन कैमरे के सामने हाथ से खाकर ऐसा दिखाते हैं जैसे वे बाहरी हैं। इससे पहले ममदानी अपने एक बयान के कारण विवादों से घिर गए थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था- अरबपति असमानता बढ़ाते हैं, दुनियां में किसी को अरबपति नहीं होने देना चाहिए। एनबीसी न्यूज के मीट द प्रेस शो में ममदानी ने कहा, हमारे पास अरबपति नहीं होने चाहिए। इतनी असमानता के समय में इतना पैसा ठीक नहीं है। हमें शहर, राज्य और देश में समानता चाहिए। ममदानी ने बताया कि वे न्यूयॉर्क के सबसे अमीर लोगों और बड़ी कंपनियों पर टैक्स बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं सबसे अमीर लोगों पर 1% टैक्स बढ़ाना चाहता हूं ताकि सभी की जिंदगी बेहतर हो, जिसमें टैक्स देने वाले भी शामिल हैं। वहीं, ममदानी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कम्युनिस्ट कहा था, जिसका ममदानी ने खंडन किया। उन्होंने कहा, मैं कम्युनिस्ट नहीं हूं। ट्रम्प मेरे लुक्स, आवाज और पहचान पर बात करते हैं ताकि मेरे काम से ध्यान हटाएं। मैं उन मेहनतकश लोगों के लिए लड़ रहा हूं जिन्हें ट्रम्प ने धोखा दिया। ममदानी ने न्यूयॉर्क टाउन के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। 24 जून को इसके नतीजे आए थे। पहली बार दक्षिण एशियाई, भारतवंशी और मुस्लिम मूल के ममदानी ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को हराया था। ममदानी के जीत के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की दक्षिणपंथी पार्टी के रिपब्लिकन नेताओं और ट्रम्प प्रशासन के पूर्व अधिकारियों ने उन पर तीखे हमले शुरू कर दिए थे। इन हमलों में ममदानी को आतंकवाद समर्थक और न्यूयॉर्क शहर के लिए खतरा बताया गया था।

# सर्बिया में राष्ट्रपति के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन

## हजारों लोगों ने सड़कें ब्लॉक कीं; रेलवे स्टेशन का शेड गिरने को लेकर 8 महीने से नाराजगी

एजेंसी

बेलग्रेड, सर्बिया में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के इस्तीफे और तुरंत चुनावों की मांग को लेकर कई शहरों में प्रदर्शन ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है। रविवार रात से आज सुबह तक हजारों प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बेलग्रेड और अन्य शहरों में सड़कें जाम कर दीं। प्रदर्शनकारियों ने बेलग्रेड में कई जगहों पर लोहे की बाड़ और कचरे के कंटेनर से सड़कों को ब्लॉक कर दिया। सावा नदी पर बने पुल पर भी गाड़ियों की आवाजाही रोक दी गई। नोवी सैड में प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पोपुलिस्ट सर्बियाई प्रोग्रेसिव



पार्टी के ऑफिस पर अंडे फेंके। इससे पहले शनिवार रात, बेलग्रेड में लगभग 1 लाख 40 हजार लोग सड़कों पर उतरे थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले और साउंड बम दागे और दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब इनकी रिहाई की मांग हो रही है। सर्बिया में 1 नवंबर, 2024 को नोवी सैड रेलवे स्टेशन का शेड गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी। दिसंबर में सरकार के खिलाफ लोगों का विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ था, जो पिछले 7 महीने से जारी है। लोगों का आरोप है कि निर्माण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार की वजह से हादसा हुआ। तत्कालीन पीएम-परिवहन मंत्री ने हादसे के बाद इस्तीफा दिया था हादसे के कारण 28 जनवरी, 2025 को तत्कालीन प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक को इस्तीफा देना पड़ा था। इससे पहले पूर्व परिवहन मंत्री गोरन वेसिक ने भी इस्तीफा दे दिया था। नोवी सैड की घटना में 13 लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। इनमें गोरन वेसिक का नाम भी था। पूर्व प्रधानमंत्री वुसेविक ने कहा था कि वे नहीं चाहते कि देश में तनाव और ज्यादा बढ़े इसलिए वे हालात को शांत करने के लिए अपना पद छोड़ रहे हैं। वुसेविक मई 2024 से प्रधानमंत्री के पद पर थे। इससे पहले वे उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के पद पर रह चुके हैं। वुसेविक 2012 से 2020 तक नोवी सैड के मेयर थे। इसी दौरान रेलवे स्टेशन पर भवन से जुड़ा काम हुआ था। इसके कारण वुसेविक पर पीएम पद छोड़ने का भारी दबाव था। हालांकि सर्बिया में असली ताकत

# अमेरिकी कंपनियों पर टैक्स नहीं लगाएगा कनाडा

## ट्रम्प ने टैरिफ लगाने की धमकी दी थी; पीएम कार्नी बोले – बिजनेस पर फिर बात करेंगे

एजेंसी

ओटावा/वॉशिंगटन डीसी, कनाडा ने रविवार देर रात अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स लगाने का अपना फैसला वापस ले लिया है। कनाडाई सरकार 30 जून से अमेरिकी कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स लगाने वाली थी। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने रविवार को एक बयान में कहा कि वह और ट्रम्प अब व्यापार वार्ता फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं। कनाडाई वित्त मंत्रालय के मुताबिक, कार्नी और ट्रम्प के बीच 21 जुलाई तक व्यापार समझौते पर फिर से बातचीत शुरू हो सकती है। ट्रम्प ने 27 जून को कनाडा को धमकी दी थी कि अगर उसने अमेरिकी कंपनियों पर टैक्स लगाया, तो वे कनाडा पर जल्द नया टैरिफ लगा देंगे। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, 'हम कनाडा को अगले 7 दिनों में बता देंगे कि उसे अमेरिका के साथ बिजनेस करने के लिए कितना टैरिफ देना होगा।' कनाडा में पिछले साल पास हुआ था डिजिटल सर्विस टैक्स कनाडा की संसद में डिजिटल सर्विसेज टैक्स एक्ट पिछले साल 20 जून, 2024 को पास हुआ था। हालांकि, यह टैक्स एक साल बाद 30 जून, 2025 से लागू होना था। लागू होने से कुछ घंटे पहले ही कनाडा सरकार ने इस पर यू टर्न ले लिया। ट्रम्प के टैरिफ को लेकर बातचीत से पीछे हटने के बाद कनाडा के ढट मार्क कार्नी ने कहा था कि वह कनाडा की जनता के हित में अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखना चाहते



हैं। वहीं, अमेरिका के ट्रेजरी सचिव यानी कि वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि उन्हें पहले से इस टैक्स के लगाए जाने की आशंका थी। हालांकि, अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही थी, इसलिए उन्हें उम्मीद थी कि कार्नी प्रशासन इसे लागू नहीं करेगा। क्या होता है डिजिटल सर्विस टैक्स? डिजिटल सर्विसेज टैक्स वह टैक्स होता है, जो ऑनलाइन सर्विस देने वाली कंपनियों से वसूला जाता है। बड़ी विदेशी और घरेलू कंपनियों को, जो कनाडा में ऑनलाइन यूजर्स से पैसा कमा रही हैं, उसे आय पर 3% टैक्स देना होगा। यह कानून 2022 से पुराने बिलों पर भी लगना था, यानी कंपनियों को पिछले कई सालों के टैक्स का पैसा देना होता। यह टैक्स ऑनलाइन मार्केटप्लेस, सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन और यूजर डेटा बेचने से हुई कमाई पर लागू होने वाला था। यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू होता, जिनकी सलाना कमाई 800 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। इससे खासकर अमेरिकी टेक कंपनियां जैसे मेटा, गूगल, एपल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट ज्यादा प्रभावित होतीं। कारोबारियों का अनुमान है कि इस टैक्स से अमेरिकी कंपनियों को हर साल दो अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान होगा। इसके साथ ही अमेरिका में 3,000 नौकरियां भी जा सकती हैं।

टैरिफ वॉर से वर-कनाडा दोनों को नुकसान आंकड़ों के मुताबिक, कनाडा, अमेरिका का सबसे बड़ा खरीदार है, जिसने पिछले साल 349 अरब डॉलर (29.14 लाख करोड़ रुपए) का अमेरिकी सामान खरीदा और 413 अरब डॉलर (34.49 लाख करोड़ रुपए) का सामान अमेरिका को बेचा। मेक्सिको के बाद कनाडा अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा बिजनेस पार्टनर है। कनाडा अप्रैल में लगाए गए ट्रम्प के व्यापक टैरिफ से बच गया था, लेकिन स्टील और एल्युमीनियम पर उसे अभी भी 50% टैक्स देना पड़ रहा है।

# ट्रम्प बोले- मस्क स्मार्ट हैं, लेकिन उनकी नाराजगी गलत

## टेस्ला सीईओ ने अमेरिकी टैक्स बिल को विनाशकारी बताया था; ट्रम्प शासन से इस्तीफा दे चुके

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के बहुचर्चित टैक्स बिल को लेकर टकराव के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टेस्ला उएड इलॉन मस्क को स्मार्ट व्यक्ति बताया। ट्रम्प ने रविवार को फॉक्स न्यूज पर एक इंटरव्यू में कहा, मस्क एक शानदार व्यक्ति हैं, लेकिन वे थोड़े नाराज हो गए थे, जो ठीक नहीं था। टेस्ला सीईओ इलॉन मस्क ने 20 जनवरी 2025 को ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का जिम्मा संभाला था।



हालांकि, उन्होंने 28 मई को ट्रम्प के ट्रैक्स एंड स्पेंडिंग बिल से नाराजगी के चलते पद से इस्तीफा दे दिया था। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। ट्रम्प इस बिल को बिग ब्यूटीफुल बिल भी कहते हैं। मस्क ने इस बिल को पूरी तरह पागलपन भरा और देश के लिए विनाशकारी करार दिया। मस्क के मुताबिक, यह बिल बीते जमाने की इंडस्ट्रीज को तो सब्सिडी देता है, लेकिन नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और डेटा सेंटर जैसी भविष्य की तकनीकों को करों से दबा देता है। मस्क बोले- बिग ब्यूटीफुल बिल अमेरिकी उद्योगों के लिए खतरा मस्क ने 28 जून को अपने 54वें जन्मदिन पर एक्स पर पोस्ट के जरिए बिग ब्यूटीफुल बिल की जमकर आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि बिल में विंड और सोलर सब्सिडी को 2027 तक खत्म करने का प्रस्ताव है और चीन से जुड़े ग्रीन टेक प्रोजेक्ट्स पर अतिरिक्त टैक्स लगाए गए हैं। वहीं, मस्क ने 5 जून को ही ट्रम्प का नाम एपस्टीन सेक्स फाइल्स में होने का आरोप तक लगा दिया था। हालांकि, 11 जून को मस्क ने माफी मांग ली थी।

# मणिपुर : बंदूकधारियों ने कार सवार चार लोगों को गोलियों से भूना, मौके पर सुरक्षा बल रवाना

**मणिपुर में बंदूकधारियों चार लोगों की गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. घटनास्थल पर सुरक्षाबल को भेजा गया है.**



एजेंसी

चुराचांदपुर/इंफालः मणिपुर में अज्ञात बंदूकधारियों के द्वारा सोमवार को चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में हुई. इसमें 60 वर्षीय महिला समेत चार लोगों को गोली मार दी गई, जिससे उनकी मौत हो गई. इस बारे में पुलिस ने बताया कि हमलावरों के द्वारा घात लगाकर घटना को अंजाम दिया गया. पुलिस के मुताबिक मोंगजांग गांव के समीप दोपहर करीब 2 बजे यह हमला किया गया. इस दौरान पीड़ित एक कार से सफर कर रहे थे. बता दें कि घटनास्थल मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से करीब सात किमी दूर है. वहीं चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अफसर ने कहा कि घटना को देखकर लगता है कि हमलावरों ने चारों लोगों को बहुत समीप से गोली मारी है. हालांकि घटना में मारे गए लोगों की अभी पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस ने घटनास्थल से 12 से अधिक खाली कारतूस बरामद किया है.घटना के बाद दहशतघटना की फिलहाल किसी भी संगठन ने अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली है. हालात को

**घटनास्थल मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से करीब सात किमी दूर है. वहीं चुराचांदपुर जिला मुख्यालय के एक अफसर ने कहा कि घटना को देखकर लगता है कि हमलावरों ने चारों लोगों को बहुत समीप से गोली मारी है. हालांकि घटना में मारे गए लोगों की अभी पहचान नहीं हो सकी है.**

देखते हुए इलाके में काफी संख्या में पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है. चार लोगों की हत्या किए जाने के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है. वहीं सुरक्षा बलों के द्वारा इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है.बता दें कि मणिपुर को पहले से ही जातीय और सांप्रदायिक तनावों का सामना करना पड़ रहा है. मौके की नजाकत को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से शांति बना रखने के साथ ही अफवाह भी ध्यान नहीं देने की अपील की है. पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही चश्मदीदों के बयान जुटाए जा रहे हैं. इसके अलावा इससे पहले मणिपुर के इंफाल पश्चिम और पूर्वी जिलों में सुरक्षा बलों ने कई प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है.

# राजनीति का इतना तापमान असहनीय

## जगदीप धनखड़ बोले- आज का माहौल लोकतंत्र के अनुकूल नहीं

**उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब हम देश के बाहर जाते हैं तो ना पक्ष होता है नाप्रतिपक्ष होता है, हमारे सामने भारतवर्ष होता है! यह अब दिखा दिया गया। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर, दुनिया के अनेक कोनों में संसद सदस्यों का जाना, पूर्व राजनयिकों का जाना एक बहुत बड़ा कदम है।**

एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का राजनीतिक माहौल भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के समय में राजनीति का माहौल और उसका तापमान, दोनों ही हमारे लोकतंत्र और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं हैं। यह हमारी हजारों साल पुरानी संस्कृति से भी मेल नहीं खाता है। राजनीति में आप अलग-अलग दलों में हो सकते हैं और इसमें भी बदलाव होता रहता है – और बड़ा बदलाव होता है। सत्ता पक्ष प्रतिपक्ष में जाता रहता है, प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष में आता रहता है। पर इसका मतलब यह नहीं है कि दुश्मनी हो जाए, दरार हो जाए। दुश्मन हमारे सीमापार हो सकते हैं, देश में हमारा कोई दुश्मन नहीं हो सकता। जगदीप धनखड़ ने कहा कि राजनीति का इतना तापमान असहनीय हो रहा है।



बेलगाम होकर हम वक्तव्य जारी कर देते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सभी से आग्रह रहेगा कि विधान मंडलों को सर्वोच्च आचरण करना पड़ेगा। आज का परिदृश्य जब देखते हैं तो बड़ी चिंता होती है, कि प्रजातांत्रिक मंदिर में आज किस प्रकार का कृत्य हो रहा है। चिंता इस बात की है कि यदि यह प्रजातांत्रिक मंदिर में रहा, तो उस मंदिर के अंदर कोई पूजा करने नहीं आएगा – लोग दूसरी पूजा का स्थान देखेंगे। और यह प्रजातांत्रिक व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती है। इस। कसौटी पर खरे हम तभी उतर सकते हैं, जब सार्वजनिक दिमाग में यह बात लाई जाए – और आज के दिन पूर्व विधायकों का इसमें बहुत महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब हम देश के बाहर जाते हैं तो ना पक्ष होता है नाप्रतिपक्ष होता है, हमारे सामने भारतवर्ष होता है! यह अब दिखा दिया गया। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर, दुनिया के अनेक कोनों में संसद सदस्यों का जाना, पूर्व राजनयिकों का जाना एक बहुत बड़ा कदम है। यह कदम है कि हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है, राष्ट्रहित हमारा धर्म है, भारतीयता हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि जहां भारत का मुद्दा उठेगा हम विभाजित नहीं हैं। हमारे राजनीतिक मनभेद नहीं हैं, हमारे राजनीतिक मतभेद हैं पर वो देश के अंदर हैं।

# पाकिस्तानी तस्कर, कनाडाई हैंडलर, पंजाब पुलिस की रेड में 300 करोड़ की हेरोइन जब्त

**पंजाब पुलिस के डीजीपी द्वारा एक्स पर साझा किए गए विवरण के अनुसार, इस ऑपरेशन में शामिल नौ प्रमुख व्यक्तियों – जिनमें ड्रग और हवाला ऑपरेटर भी शामिल हैं। हरियाणा, जम्मू, राजस्थान और पंजाब सहित कई राज्यों से गिरफ्तार किया गया। इस जब्ती को अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोह को ध्वस्त करने में एक बड़ी सफलता बताया जा रहा है। पंजाब पुलिस के डीजीपी ने एक्सक्लूसिव बातचीत में कहा, पंजाब पुलिस अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोहों को ध्वस्त करने और पंजाब को नार्को–आतंकवाद से बचाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।**



एजेंसी

पंजाब पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए एक बड़े अभियान में भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त की। राजस्थान के बाड़मेर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास लगभग 300 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 60.302 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। यह अभियान अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर चलाया गया। पुलिस के अनुसार, यह खेप पाकिस्तान स्थित तस्कर तनवीर शाह और कनाडा स्थित हैंडलर जोबन कलेर से जुड़ी हुई थी। पंजाब पुलिस के डीजीपी द्वारा एक्स पर साझा किए गए विवरण के अनुसार, इस ऑपरेशन में शामिल नौ प्रमुख व्यक्तियों - जिनमें ड्रग और हवाला ऑपरेटर भी शामिल हैं। हरियाणा, जम्मू, राजस्थान और पंजाब सहित कई राज्यों से गिरफ्तार किया गया। इस जब्ती को अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोह को ध्वस्त करने में एक बड़ी सफलता बताया जा रहा है।

# आप ने पंजाब को बनाया केजरीवाल का बैंक :जाखड़

**मीडिया से बातचीत में सुनील जाखड़ ने आम आदमी पार्टी, सीएम भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की सरकार अब केवल पैसा कमाने में लगी है ।जाखड़ ने कहा, केजरीवाल की दिल्ली वाली टीम ने पंजाब को एटीएम नहीं, पूरा बैंक बना दिया है।**

## भगवंत मान सरकार बनी पोंजी स्कीम, चंडीगढ़ में विजय रूपाणी को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

चंडीगढ़, अहमदाबाद प्लेन क्रैश में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री व पंजाब भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी की मौत के बाद, चंडीगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए ।इस मौके पर मीडिया से बातचीत में सुनील जाखड़ ने आम आदमी पार्टी, सीएम भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप



लगाया कि पंजाब की सरकार अब केवल पैसा कमाने में लगी है ।जाखड़ ने कहा, केजरीवाल की दिल्ली वाली टीम ने पंजाब को एटीएम नहीं, पूरा बैंक बना दिया है। ये लोग पंजाब का खून-पसीना निचोड़कर हजारों करोड़ रुपए निकालने की योजना बना रहे हैं, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देगी ।उन्होंने यह भी कहा कि जो व्यक्ति भगवंत मान के सामने झुका नहीं, उस पर केस दर्ज किया जा रहा है, जबकि जो रात के अंधेरे में पैर पकड़कर आया, उसे रात में ही बधाई दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सारी पार्टियों के नेताओं के खाते चैक किए जाए और सच्चाई सामने लाई जाए। अंत में जाखड़ ने कांग्रेस और आप को ₹चोर-सिपाही₹ की जोड़ी बताते हुए जनता से अपील की कि इससे छुटकारा पाने का वक्त आ गया है।

### पंजाब सरकार पोंजी स्कीम बनी

जाखड़ ने मीडिया के सामने कहा कि जिस तरह कॉल पर लोगों को ठगने के लिए स्कीमें बताई जाती हैं और भारत सरकार चेतावनी देती है, वैसे ही पंजाब सरकार भी लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अब पंजाब सरकार खुद एक ऑफिशियल पोंजी स्कीम बन चुकी है ।जाखड़ ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को भ्रमित कर रही है कि उनकी जमीनों की कीमत बढ़ गई है

## संक्षेप

### नहर में युवक का शव मिलने का मामला

**पड़ोसी पर हत्या का मुकदमा दर्ज, परिजनों ने किया सड़क जाम**

सुलतानपुर, उदयपुर गांव की नहर में एक युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक की पहचान उगईपुर (बीसापुर) गांव निवासी सुमित प्रजापति (23) के रूप में हुई है। सुमित गुरुवार सुबह से लापता था। परिजनों ने प्रतापगंज में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उदयपुर नहर में शव मिलने की सूचना मिली। शव पर धारदार हथियार से हत्या के निशान पाए गए। पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव ले जाते समय परिजनों और ग्रामीणों ने अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर पकड़ी गांव के पास प्रदर्शन किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया गया। पुलिस ने कई थानों की फोर्स बुलाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने गांव के ही लल्लू चौरसिया पुत्र मेवालाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। देहात कोतवाल ने मुकदमे की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच में घटना के कारणों का पता चलेगा। करीब डेढ़ वर्ष पहले सुमित की शादी हुई थी। उनका 9 माह का एक बेटा है। चार भाइयों में से एक भाई साहिल की पिछले वर्ष नवंबर में मृत्यु हो चुकी है।

### 50 से कम छात्रों वाले स्कूल बंद करने का विरोध

**करौंदी कला में शिक्षकों का प्रदर्शन, कहा- गरीब बच्चों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे**

सुलतानपुर, करौंदी कला के बीआरसी में 30 जून 2025 को शिक्षकों ने विद्यालय मर्जर के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को बंद कर अन्य विद्यालयों में मर्ज करने के फैसले का विरोध किया। उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सिंह ने सरकार को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि आदेश वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र ने कहा कि विद्यालय बंद करने से गरीब बच्चों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

### किसान सम्मान निधि के लिए ई-केवाईसी जरूरी

**गौरा पंचायत में शिविर लगा, अब तक सिर्फ 3 किसानों ने कराया वेरिफिकेशन**

सुलतानपुर, भदैयां के गौरा पंचायत भवन में सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। कृषि पदाधिकारी और नोडल बद्री प्रसाद ने बताया कि सरकार ने योजना के सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया है। शिविर में अब तक केवल तीन किसानों का ई-केवाईसी पूरा हुआ है। पंचायत भवन में आयोजित विशेष शिविर में फारमर रजिस्ट्री की सूची पढ़कर सुनाई गई।

# दलित लड़की को आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी

## ब्रेनवॉश करके केरल ले गए, धर्म परिवर्तन कराया; पुलिस ने 2 को गिरफ्तार किया

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



प्रयागराज, यूपी के प्रयागराज की नाबालिग दलित लड़की को केरल में आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने नाबालिग लड़की को अगवा किया। उसे प्रयागराज से केरल ले गए। जबरन धर्म परिवर्तन कराया। फिर उसे जिहाद के नाम से ट्रेनिंग देने लगे। इसी बीच पीड़ित वहां से भागकर केरल के एक रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां रेलवे पुलिस को उसने आपबीती सुनाई। केरल पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस नाबालिग को लेकर प्रयागराज आई। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कैफ और उसकी साथी एक नाबालिग लड़की को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों के गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं? यह गिरोह अब तक कितने लोगों को शिकार बना चुका है? इसकी जांच के लिए पुलिस की 3 टीमें बनाई गई हैं। वहीं मामला आतंकी ट्रेनिंग से जुड़ा होने के कारण एटीएस की प्रयागराज यूनिट फूलपुर थाने पहुंची। अळर आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आतंकी साजिश को लेकर जांच शुरू की गई है। बताया गया कि एटीएस पीड़ित नाबालिग दलित से भी पूछताछ करेगी। डीसीपी (गंगानगर जोन) कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया- 28 जून को एक दलित महिला ने फूलपुर थाने में शिकायत की थी। इसमें बताया था- 8 मई को मेरी नाबालिग बेटी (15 साल) गांव में ही कोटेदार के यहां शादी की दावत में गई थी, लेकिन वहां से नहीं लौटी। एक दिन मेरे पास बेटी का फोन आया। बेटी ने बताया, गांव की रहने वाली मुस्लिम समुदाय की एक नाबालिग (16) ने मेरा ब्रेनवॉश किया। वह मुझे केरल लेकर गई। यहां आरोपी ने मेरा धर्म परिवर्तन करा दिया। प्रयागराज पुलिस नाबालिग की तलाश में थी। इसी बीच, केरल की रेलवे पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को फोन करके नाबालिग दलित के बारे में जानकारी दी। पुलिस पीड़ित नाबालिग को प्रयागराज लेकर आई। दलित नाबालिग ने पुलिस को बताया- आरोपी लड़की ने मेरा ब्रेन बॉश किया। मुझे पैसे देने का लालच दिया। वह मुझे अपने साथ ले गई। उसके दोस्त लिलहट गांव निवासी मोहम्मद कैफ (19) ने हम दोनों को बाइक से प्रयागराज जंक्शन स्टेशन तक पहुंचाया। इस दौरान मोहम्मद कैफ ने मेरे साथ छेड़खानी की। आरोपी लड़की मुझे पहले दिल्ली ले गई। फिर ट्रेन से ही केरल लेकर पहुंची। यहां आरोपी लड़की ने मुझे कुछ संदिग्ध लोगों से मिलवाया।

# शिक्षा सेवा चयन के बाहर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

## बार-बार टीजीटी-पीजीटी परीक्षा स्थगित होने अभ्यर्थियों में आक्रोश, उप सचिव से वार्ता बेनतीजा

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



प्रयागराज, 3 साल पहले विज्ञापित टीजीटी-पीजीटी परीक्षाएं बार बार स्थगित होने से युवा मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन और अध्यक्ष व अन्य अधिकारियों की नियुक्ति के बाद कई बार इन परीक्षाओं को स्थगित किया गया। इसी को लेकर युवा आज सोमवार को बड़ी संख्या में शिक्षा आयोग पर जुटे थे। वह अधिकारियों से आश्वासन चाहते थे कि इन दोनों परीक्षाओं की तिथि निर्धारित की जाए, साथ ही पुनः स्थगित न हो इसे सुनिश्चित किया जाए। युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह की अगुवाई में छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने उप सचिव से वार्ता की जो एक तरह बेनतीजा रही क्योंकि आयोग द्वारा परीक्षा तिथि निर्धारित करने और उन परीक्षा तिथियों में हर हाल में परीक्षा आयोजित कराने को लेकर आश्वासन देने से इंकार कर दिया। इसके बजाय आयोग द्वारा वही पुराना राग अलापा गया कि आयोग की मीटिंग में परीक्षा तिथियां निर्धारित की जाएंगी। इसके अलावा किसी तरह का ठोस आश्वासन नहीं दिया गया कि अब जो परीक्षा तिथि तय की जाएंगी उन तिथियों में परीक्षाओं को हर हाल में आयोजित करा लिया जाएगा। उप सचिव का कहना है कि जुलाई में कोई भी परीक्षा नहीं होगी लेकिन आयोग अभी यह निर्णय नहीं ले पाया है कि कोई पक्की तारीख आप सभी को दी जा सके। शासन में बैठक चल रही है, अगले मंगलवार को सब चीजें स्पष्ट हो जाएंगी अभी कुछ कहना ठीक नहीं है। युवा मंच के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा, शिक्षा सेवा चयन आयोग की कार्यप्रणाली से आक्रोशित युवाओं को समझाने बुझाने और उनकी पीड़ा को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन देने के बजाय पुलिस द्वारा बिना किसी

# नमकीन बेचने को लेकर दो दुकानदारों में विवाद

- 15 मिनट तक चली मारपीट, पुलिस के समझाने पर दोनों पक्षों में समझौता

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




अमेठी जिला, मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में हल्दीराम का नमकीन बेचने को लेकर दो दुकानदारों के बीच विवाद हो गया। गौरीगंज तिराहे के पास स्थित दुकानदार गंगा प्रसाद और सौरभ सत्यम के बीच पहले तू-तू मैं-मैं हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों तरफ से लाठी-डंडे चलने लगे। करीब 15 मिनट तक यह मारपीट चलती रही। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। विवाद के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। मुसाफिरखाना इंस्पेक्टर विवेक सिंह के अनुसार, दोनों पक्षों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। दोनों के बीच लिखित समझौता हो गया है।

# सफाई कर्मचारियों की झुग्गियों पर चला बुलडोजर

## आप नेताओं ने की कार्रवाई रोकने की मांग, वैकल्पिक आवास का सुझाव

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



सुलतानपुर, ट्रांसपोर्ट नगर में प्रशासन ने नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों की झुग्गियों पर बुलडोजर चलाया। प्रभावित लोगों की शिकायत राज्यसभा सांसद संजय सिंह तक पहुंची। उनके निर्देश पर आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मौके पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने बारिश के मौसम को देखते हुए कार्रवाई रोकने की मांग की। प्रदेश सचिव मोहम्मद अख्तर ने प्रशासन को बताया कि कांशीराम कॉलोनी में कई आवास खाली हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों को वहां रहने की अनुमति देने का सुझाव दिया। सफाई कर्मचारियों को किराए पर मकान मिलने में भी दिक्कत आ रही है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की। इस दौरान प्रदेश सचिव शहजादा शकील, महासचिव रामबिलास तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष मकसूद अंसारी, प्रदेश सचिव अनिल कोरी और युवा जिलाध्यक्ष शादाब खान सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# अमेठी में तैनात सिपाही ने दो भाइयों पर किया हमला

- पीड़ित पिता ने एसपी से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, पुलिस लाइन में तैनात सिपाही रतन राकेश पर अपने पड़ोसियों पर हमला करने का आरोप लगा है। प्रयागराज के सराय ममरेज थाना क्षेत्र के महरछा जंघई गांव निवासी नंदलाल ने एसपी अपर्णा रजत कौशिक को शिकायती पत्र सौंपा है। नंदलाल के अनुसार, करीब एक महीने पहले सिपाही रतन राकेश ने अपने साथियों के साथ उनके घर में घुसकर परिवार पर हमला किया। इस हमले में उनके दोनों बेटे राजू और शुभम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भाइयों का 17 जून को निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ और वे अभी भी वहीं भर्ती हैं। पीड़ित पिता का आरोप है कि सिपाही ड्यूटी के दौरान गांव आता है। उनके घर के बाहर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देता है। घटना के एक हफ्ते बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। लेकिन आरोपी सिपाही पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नंदलाल ने बताया कि आरोपी सिपाही के खिलाफ बाराबंकी में भी एक मुकदमा दर्ज है। एसपी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरोपी सिपाही पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर बना तालाब

## एक घंटे की बारिश में गर्भगृह में भरा एक फीट पानी, डेढ़ करोड़ के कायाकल्प पर सवाल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, हुई मौसम की पहली जोरदार बारिश ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर पंचायत के पश्चिमी छोर पर रायपुर फुलवारी स्थित सिद्ध पीठ देवीपाटन मंदिर में पानी भर गया है। मात्र एक घंटे की बारिश से मंदिर परिसर तालाब में तब्दील हो गया। मंदिर के गर्भगृह में एक फीट से अधिक पानी भर गया है। मां की प्रतिमा पर चढ़ाए गए फूल-मालाएं पानी में तैरते दिखाई दे रहे हैं।

पूरे मंदिर परिसर में घुटनों तक पानी भरा हुआ है। प्रदेश सरकार की वंदन योजना के तहत इस मंदिर का डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है। जल भराव की स्थिति ने श्रद्धालुओं को भारी परेशानी में डाल दिया है। स्थानीय लोगों ने मंदिर के कायाकल्प कार्य पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कायाकल्प में व्यापक भ्रष्टाचार किया गया है। मंदिर से पानी निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। जमा हुए पानी को निकालने में कई घंटों का समय लगने की संभावना है। यह स्थिति मंदिर के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

# ट्रेनी दरोगा ने व्यक्ति को पीटा

## एक महीने पहले युवती गायब हुई थी, पूछताछ के लिए पीड़ित को बुलाया था

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




अलीगढ़, हरदुआगंज थाने की जलाली चौकी में एक युवक के साथ ट्रेनी दरोगा ने जमकर मारपीट की। आरोप है कि दरोगा ने चार दिन पहले युवक को पूछताछ करने के लिए बुलाया था इस दौरान वारदात को अंजाम दिया। मारपीट के कारण युवक के शरीर पर चोट के निशान उभर आये हैं। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद अब ट्रेनी दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है और लोग दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हरदुआगंज कस्बे की एक युवती पिछले एक महीने से घर से गायब है। परिवार ने उसके गायब होने के बाद मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसी मामले में पूछताछ करने के लिए जलाली चौकी में तैनात ट्रेनी दरोगा प्रशांत ने युवती के चाचा को बुलाया था। आरोप है कि जब युवती के बारे में दरोगा को कोई जानकारी नहीं मिली तो उसने उसके सगे चाचा की जमकर पिटाई की। लाठी से पिटाई करने के कारण युवक के शरीर पर कई स्थान पर खून जम गया है और नीले निशान पड़ गए हैं। यह घटना बीते गुरुवार की बताई जा रही है। युवक की थाने में पिटाई करने के बाद ट्रेनी दरोगा ने उसका शांति भंग में चालान कर दिया था। जिसके बाद पीड़ित के परिवार ने उसकी जमानत कराई थी। जब वह घर आया तो उसकी पिटाई की बात लोगों को पता चली। अब लोगों ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। सीओ अतरौली राजीव द्विवेदी ने बताया कि मामले का संज्ञान लिया जा रहा है और पीड़ित से बात करके सारी जानकारी ली जाएगी। अगर कोई लिखित शिकायत मिलेगी तो मामले की जांच की जाएगी। इसमें जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खाद की किल्लत से किसान परेशान

## कुछ सहकारी समितियों में डीएपी नदारद, कहीं समिति ही बंद, धान रोपाई प्रभावित

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




सुलतानपुर, भदैया की विभिन्न सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता की स्थिति अलग-अलग है। बरुई सहकारी समिति में 100 बोरी डीएपी और 150 बोरी यूरिया उपलब्ध है। सहायक सचिव एस.एस. पांडेय ने बताया कि आने वाले सभी किसानों को खाद दी जा रही है। हनुमानगंज समिति में डीएपी की कमी है। यहां केवल 100 बोरी यूरिया मौजूद है। सचिव वृजेश शर्मा के अनुसार डीएपी का आर्डर दिया गया है। भपटा समिति में स्थिति बेहतर है, जहां 100 बोरी डीएपी और 300 बोरी यूरिया उपलब्ध है। समिति सचिव अनिल तिवारी ने बताया कि सभी किसानों को खाद मिल रही है। कंधईपुर सहकारी समिति की स्थिति चिंताजनक है। यह कई दिनों से बंद है और खाद भी उपलब्ध नहीं है। किसान जय प्रकाश, विनोद सिंह और सत्यनारायण ने बताया कि खाद रहने पर भी समिति नियमित नहीं खुलती। केनौरा समिति में यूरिया तो है, लेकिन डीएपी नहीं है। सचिव एस.के. सिंह ने बताया कि सुबह से 4-5 किसान खाद लेकर गए हैं। धान की रोपाई धीरे-धीरे शुरू हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही डीएपी की आपूर्ति हो जाएगी।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप नहर में पलटी

## मां अहोरवा भवानी के दर्शन से लौट रहे 12 महिलाओं समेत 18 लोग घायल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अमेठी जिला, शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप नहर में पलट गई। हादसा पनहौना रोड स्थित नहर के पास हुआ। पिकअप में सवार श्रद्धालु मां अहोरवा भवानी के दर्शन के बाद अपने घर लौट रहे थे। मोहनगंज थाना क्षेत्र के बारकोट गांव के श्रद्धालु शक्तिपीठ मां अहोरवा भवानी का दर्शन करने गए थे। वापसी के दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। हादसे में 12 महिलाओं सहित कुल 18 लोग घायल हुए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। शिवरतनगंज थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी की स्थिति खतरे से बाहर है।

# मथुरा में प्रेम-प्रसंग में फायरिंग

## पत्नी के पहले पति ने घर में घुसकर चलाई गोलियां, एक घायल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मथुरा, बाइकों पर सवार करीब एक दर्जन लोगों ने एक घर में घुसकर जमकर फायरिंग की और मारपीट की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची पुलिस ने गोली लगने से घायल हुए एक व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की जांच में जुट गई हैं। थाना जमुनापार इलाके के गांव घड़ी गोहनपुर हयातपुर में बाइकों पर सवार एक दर्जन लोगों ने पप्पू धीमर के घर पर हमला कर दिया। जिसमें गोली लगने से पप्पू घायल हो गया और एक बुजुर्ग के साथ भी मारपीट कर दी। जिसमें बुजुर्ग के भी गंभीर चोटे आई है। अपने आप को घिरता देख बदमाश मौके से घटना को अंजाम देकर फरार हो गए, गोलियों की आवाज सुनकर ग्रामीण अपने-अपने घरों में कैद हो गए। पीड़ित परिवार ने बताया कि पप्पू उर्फ मैनेजर के बेटे खेमा ने कुछ दिन पूर्व राजस्थान के गांव बिलौटी की रहने वाली महिला से प्रेम संबंध हो गए थे और उसने उससे शादी कर ली थी। पुलिस द्वारा महिला की सुपुर्द की हमारे बेटे खेमा को दे दी गई थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी, एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई, ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935, 9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी